तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 8 सितंबर 2026

12 निपुण गतिविधियों को हर विद्यालय तक पहुंचाने...

12 पीएचसी नगूरां को मिला राज्य का सर्वोच्च कायाकल्प...

## खबर संक्षेप

### सात लोगों से 128 शराब की बोतल बरामद

जींद। पुलिस ने आपरेशन आक्रमण के तहत रविवार रात को ही अलग-अलग स्थानों से 128 बोतल अवैध शराब समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें खरल गांव निवासी किताबा, विक्रम, कोयल निवासी सतीश, श्याम नगर निवासी राजेश, खेम नगर निवासी श्रीकृष्ण बनिया खेड़ा निवासी सुमेर व जुलाना निवासी रोहित शामिल हैं। इन आरोपियों से पुलिस ने 120 बोतल ठेका शराब देवी व आठ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की हैं।

### जुआ खेलते छह काबू, 22 हजार 300 रुपये बरामद

जींद। सीआईए स्टाफ ने चंद्रलोक कालोनी की तरफ जाने वाले रास्ते पर छह लोगों को ताशो के माध्यम से जुआ खेलते काबू कर उनके कब्जे 22 हजार 300 रुपये बरामद किए हैं। सदर थाना पुलिस ने पकड़ गए सभी छह लोगों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि नरवाना रोड से चंद्रलोक कालोनी की तरफ जाने वाले पर कुछ लोग ताशो के माध्यम से जुआ खेल रह हैं।

### सैर को निकला था मृतक शव परिजनों को सौंपा

जींद। नरवाना बसंत विहार के सामन हाइवे मिले शव की पहचान हरिनगर नरवाना निवासी अजय (38) के रूप में हुई है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि गत दिवस सुबह बसंत विहार के सामने जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर अज्ञात शव को पुलिस ने बरामद किया था।

### चार टन तार चोरी करने में 3 महिला आरोपित काबू

जींद। जींद में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए स्टाफ जींद ने बिजली सामान चोरी करने मामले में तीन महिला आरोपितों को गिरफ्तार कर दो लाख रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार महिला आरोपितों की पहचान भिवानी रोड स्थित बुढाबाबा बस्ती निवासी मीना, अनीता उर्फ गुलाबो व रीना के रूप में हुई है। पुलिस तीनों महिलाओं से चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### पांच लाख की चौथ मांगने के दो आरोपित गिरफ्तार

जींद। सीआईए स्टाफ जींद ने धमकी देकर पांच लाख रुपये कि चौथ मांगने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों ने चौथ राशि न देने पर शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी तक दी थी। पकड़े गए एक आरोपित के खिलाफ तीन मामले व दूसरे के खिलाफ पांच मामले अलग-अलग मामले पुलिस थानों में दर्ज हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ में जुटी है। उप पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में जानकारी दी।

## चार पक्के कर्मी सस्पेंड तथा नौ पेरोल के कर्मियों की सेवाएं समाप्त

# हड़तालरत 13 सफाई कर्मियों पर गिरी विभाग की गाज

*नप अधिकारियों का सफाई अभियान जारी तो सफाई कर्मियों की हड़ताल भी रही जारी*

नप अमले ने पुलिस सुरक्षा के बीच शहर में 43 स्थानों से कूड़े के ढेर हटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

शहरी निकाय विभाग ने हड़तालरत कर्मियों पर शिकंजा कसते हुए चार पक्के कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। जबकि नौ पेरोल के सफाई कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। वहीं नप अमले ने पुलिस सुरक्षा के बीच शहर में 43 स्थानों से कूड़े के ढेर हटाए। अब तक जिले में लगभग लगभग 180 मीट्रिक टन कूड़े को हटाया जा चुका है। उधर, रानी तलाब पर सफाई कर्मियों का धरना जारी रहा। सफाई कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### 4 पक्के समेत 13 सफाई कर्मियों पर गिरी गाज

शहरी निकाय विभाग ने पिछले एक माह से हड़तालरत कर्मियों को काम पर लौटने के आदेश दिए थे। बावजूद इसके कर्मी काम पर नहीं लौटे। जिस पर शहरी निकाय विभाग ने पक्के सफाई कर्मी एवं युनियन के जिला प्रधान सोहनलाल, कमला देवी, भागवती देवी को सस्पेंड कर दिया है। जबकि पे रोल के कर्मी सुनील कुमार, सुमित, अजय, रनबीर, सोनू, संजय, संगीत, पूनम, पवन कुमार की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

जींद। कूड़ा उठाते हुए कमचारी। फोटो: हरिभूमि

### सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

पिछले एक माह से हड़तालरत सफाई कर्मियों को रानी तालाब पर धरना जारी रहा। विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने हड़तालरत कर्मियों को समर्थन दिया है। सफाई कर्मियों का कहना है कि सरकार उनके साथ ज्यादती कर रही है। सरकार के समक्ष मांगों को पहले रख दिया गया था। उनके सभी मांगे जायज हैं। सरकार को उनकी मांगो पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी मांग मानने की बजाय उनका रोजगार छीन मे जुटी हुई है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील भुक्कल ने

### नप अधिकारियों ने संभाली सफाई की कमान

सफाई कर्मियों की हड़ताल के लंबा खिंचने के कारण नप ने खुद शहर की व्यवस्था को संभाला हुआ है। हड़तालरत कर्मियों के साथ नप अधिकारियों की खींचतान भी हुई। जिसके चलते अभियान के दौरान पुलिस भी तैनात कर दी गई। जिसके बाद से वर्किंग समय में शहर में सफाई अभियान चलाया गया है। सोमवार को जींद शहर में 43 प्वाइंटों से कूड़े के ढेर उठाए गए। अबतक जींद से 168 मीट्रिक टन कूड़ा हटाया जा चुका है। नरवाना से नौ मीट्रिक टन, सफीदों से पांच मीट्रिक टन, उचाना से दो मीट्रिक टन कूड़ा हटाया जा चुका है।

## कैथल में जिला प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों के खिलाफ लिया एक्शन

- 6 सफाई कर्मचारियों को किया टर्मिनेट, दरोगा को किया सस्पेंड

कैथल। कैथल में सफाई कर्मचारियों की लगातार चल रही हड़ताल के कारण पसरी गंदगी तथा गंदगी उठाने पर जिला प्रशासन का विरोध करने वाले सफाई कर्मचारियों पर अब जिला प्रशासन की निगाह सख्त हो गई हैं। नगर परिषद प्रशासन की ओर से शहर में सफाई का कार्य प्रभावित करने वाले पे रोल के कर्मचारियों को टर्मिनेट करने और एक पक्के कर्मचारी को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए गए हैं। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी की ओर से कर्मचारियों को ये आदेश दिए गए हैं। आदेशों में पे रोल के छह कर्मचारियों को टर्मिनेट तथा एक दरोगा को सस्पेंड किया गया है। आरोप है कि ये कर्मचारी बिना कारण बताए हड़ताल में शामिल हुए और ड्यूटी से गैर हाजिर रहे। जब इन कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, तो कोई जवाब नहीं दिया।

### बढ़ाई हड़ताल

वहीं दूसरी ओर नगर पालिका कर्मचारी संघ से जुड़े सफाई कर्मचारियों की हड़ताल तीन दिन और बढ़ गई। कर्मचारियों ने नौ सितंबर पर हड़ताल पर रहने की बात कही है। ऐसे में शहर में सफाई का कार्य नहीं हो रहा है। सड़कों पर कचरा फैला हुआ है और बड़े बड़े ढेर लगे हुए हैं। कर्मचारी नगर परिषद कार्यालय में प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

### बना बदबू का आलम

सफाई कर्मचारियों की करीब एक माह से लगातार चल रही हड़ताल के कारण शहर में जगह जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। हालांकि कुछ दिनों तक तो प्रशासन की ओर से अपने स्तर पर शहर में सफाई का कार्य करवाया, लेकिन अब वह भी बंद हो गया है। ऐसे में हर दिन हालात और ज्यादा खराब हो रहे हैं। रेलवे गेट, डोगरा गेट, माता गेट, कमेटी चौक, पुराना बस स्टैंड, ढांड रोड, अंबाला रोड और छातराल रोड पर कचरे के बड़े बड़े ढेर लगे हुए हैं।

कलायत। कपिल मुनि रोड पर प्रशासन द्वारा किए जा रहे कचरा उठान कार्य का विरोध करते नपा के प्रदर्शनकारी सफाई कर्मी। फोटो: हरिभूमि

## कलायत में सफाई कर्मचारियों ने किया कूड़ा उठान का विरोध

- पुलिस ने पांच महिलाओं समेत करीब 40 सफाई कर्मचारियों को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कलायत

कलायत नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच सोमवार को शहर में कचरा उठान को लेकर तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से विभिन्न स्थानों से कचरा उठवाने की कार्रवाई की। जिस दौरान कपिल मुनि रोड, रेलवे रोड पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल व अन्य स्थानों पर प्रशासन द्वारा निजी क्षेत्र के लोगों के माध्यम से कचरा उठाने की सूचना मिली तो पालिका कार्यालय में धरने पर बैठे सफाई कर्मी विरोध करने मौका स्थल पर पहुंचे। काम में अड़चन पैदा होने की स्थिति को भांपते हुए प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उपरांत नगर पालिका सचिव पवन कुमार और सफाई सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा की देखरेख में जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए कचरे का उठान करवाया गया। साथ ही प्रशासन की तरफ से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के पास कचरा डालने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिए चेतावनी बोर्ड लगाया गया। बोर्ड पर कचरा फैलाने पर 5 हजार रुपये जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई है। सफाई कर्मचारी नेता संजीव कुमार ने आरोप लगाया कि कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के लोगों से जबरन कचरा उठवाकर कर्मचारियों के आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।

### स्वच्छता को दें महत्व

नगर पालिका सचिव पवन कुमार ने कहा कि स्वच्छता एक महत्वपूर्ण कार्य है। किसी भी सूरत में कचरा जमा रहने देकर आम जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। शहर को साफ-सुथरा रखना प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से निर्धारित स्थानों से कचरा हटवाया जा रहा है। इसका सफाई कर्मचारियों द्वारा विरोध किया जा रहा है।

## परमाणु फार्मेसी के बारे में बताया

- बीएआरसी वैज्ञानिक डॉ. तपस दास ने विद्यार्थियों को परमाणु फार्मेसी के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय, कैथल में न्यूक्लीयर साइंस एंड एप्लीकेशन आफ रेडियोस्टोपेस विषय पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) आर.सी. कोहाड़, प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) देवेंद्र सिंह ढुल, चेयरमैन श्री संदीप चहल, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) आर.के. गुप्ता तथा डायरेक्टर यूथ वेलफेयर डॉ. रामफल चहल ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. तपस दास, प्रमुख, रेडियोफार्मास्यूटिकल्स डिवीजन, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई रहे। डॉ. दास ने विद्यार्थियों को कैंसर के निदान में रेडियोफार्मास्यूटिकल्स की भूमिका, विशेष रूप से पीइटी स्कान तथा कैंसर उपचार में इनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किफायती एवं सुलभ न्यूक्लियर मेडिसिन के विकास में बीएआरसी के योगदान पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने कृषि क्षेत्र में रेडियोआइसोटोप के उपयोग, फसल उत्पादन बढ़ाने तथा खाद्य पदार्थों एवं सब्जियों की बर्बादी कम करने में उनकी उपयोगिता के बारे में भी बताया।

कैथल। बीएआरसी वैज्ञानिक डॉ. तपस दास को सम्मानित करते पदाधिकारी।

## नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश

- सफाई के साथ-साथ में हमें पोषण पर भी ध्यान देना चाहिए : किरण गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ एवं गीत नाटक प्रभाग सूचना प्रसार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नामित यूथ एजुकेशन सोसाइटी जींद द्वारा सामान्य बस स्टैंड, जाट स्कूल पर नाटक के माध्यम से स्थानीय वेशभूषा व स्थानीय लोक भाषा में लोगों को पोषण पर नाटक के जरिये मनोरंजन करते हुए जानकारी दी। सोसाइटी के समिति के प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि साफ-सफाई का हमारे जीवन में बहुत ही अधिक महत्व है, जहां पर साफ-सफाई होती है और वहां पर लक्ष्मी निवास करती है। साफ-सफाई से बीमारियां दूर होती हैं। हमें अपने घर के साथ-साथ आसपास भी साफ-सफाई रखनी चाहिए। नाटक में कलाकारों की भूमिका किरण गिल, रमेश सैनी, सीमा, सतीश, रामफल, राममेहर, प्रकाश आदि ने निभाई एवं महिला बाल विकास जींद का भी स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहा। नाटक में किरण गिल ने कहा कि सफाई के साथ-साथ में हमें पोषण पर भी ध्यान देना चाहिए जिसमें हम खान-पान में तिरंगे को ध्यान में रखते हुए तिरंगे कलर का है, भोजन भी ग्रहण करना चाहिए। जिसमें केसरिया रंग में सेब संतरे, गाजर सफेद रंग जैसे दूध, दही, लस्सी पनीर, खीर और हरे रंग में पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, मेथी, घीया तोरी आदि पर हमें ध्यान देना होगा। जिससे हम कुपोषण से बच सकें। आज हर घर में हर बच्चा फास्ट फूड की तरफ चल रहा है।

जींद। मंच पर मौजूद कलाकार।

## एसडी महिला महाविद्यालय में एनसीसी के नए कैडेट्स का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरवाना

सोमवार को एसडी महिला महाविद्यालय में 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी, जींद के निर्देशानुसार नए कैडेट्स के चयन हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। चयन प्रक्रिया के लिए 15 हरियाणा बटालियन एनसीसी, जींद से महाविद्यालय में पहुंचा और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सफलतापूर्वक नए कैडेट्स का चयन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने छात्राओं को एनसीसी के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने के लिए एनसीसी से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें जिम्मेदारी, आत्मविश्वास और देशसेवा की भावना को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने यह भी बताया कि वह स्वयं अपनी शिक्षा के दौरान एनसीसी कैडेट रह चुकी हैं तथा सी सर्टीफिकेट होल्डर हैं, इसलिए वे एनसीसी के अनुभव और इसके महत्व को व्यक्तिगत रूप से समझती हैं।

चयन प्रक्रिया में भाग लेती छात्राएं।

## 315 बोर अवैध देसी कट्टा व 2 रौंद सहित आरोपी काबू

- आरोपी पर हैं 20 हजार ईनाम
- सोनीपत में फिरौती मांगने के मामले में था वांछित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट कैथल द्वारा एक आरोपी को 315 बोर के अवैध देसी कट्टा व 2 रौंद सहित काबू कर लिया गया। डीएसपी बीरभान ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एचसी देवेंद्र सिंह की टीम गश्त दौरान गांव शिमला बस अड्डा पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्तचर से सूचना प्राप्त हुई कि गांव भागल निवासी राहुल उर्फ गोगी, जिसके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं तथा जो काफी समय से फरार चल रहा है, आईटीआई कलायत के सामने हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर अवैध देसी कट्टा लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। पुलिस टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए आईटीआई कलायत के सामने दबिश दी गई।

कैथल। अवैध असला सहित आरोपी स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट गिरफ्त में।

## अश्विन शेन्वी ने संभाला आईजी का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

आईजी अश्विन शेन्वी

वर्ष 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी अश्विन शेन्वी ने सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक, करनाल मंडल, करनाल के पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। हरियाणा सरकार द्वारा अश्विन शेन्वी को पुलिस महानिरीक्षक, करनाल रेंज के साथ-साथ महानिरीक्षक, हरियाणा सशस्त्र पुलिस (एचएपी), मधुबन, करनाल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर रेंज कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक अश्विन शेन्वी का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए रेंज के अंतर्गत आने वाले जिलों की कानून-व्यवस्था एवं पुलिसिंग व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। पदभार संभालने के बाद आईजी अश्विन शेन्वी ने कहा कि करनाल रेंज में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना है।

## 7.03 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू

कैथल। एंटी नारकोटिक सैल कैथल द्वारा कैथल क्षेत्र से एक आरोपी को 7.03 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल कैथल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जगभान सिंह की टीम अपराध की रोकथाम के लिए गश्त दौरान बस अड्डा कैथल के पास मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की एक व्यक्ति करनाल रोड छोटूराम चौक के पास किसी व्यक्ति को हेरोइन (चिट्टा) बेचने के लिए खड़ा है। सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए करनाल रोड छोटूराम चौक के पास पहुंची। जहां बताए हुलिए का एक व्यक्ति दिखाई दिया। जो पुलिस टीम

**जिम्मेदारी** पूर्व महंत दूजपुरी के गांव में प्रवेश पर लगाई रोक

# ग्रामीणों ने महंत बाबा महेश पूरी को सौंपी डेरा बाबा राजपुरी की गद्दी, सर्वसम्मति से फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

गांव बाबा लदाना के बाबा राजपुरी डेरे में साधु शिव शंकर पुरी की हत्या के मामले में मुख्य महंत दूजपुरी की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने डेरे में नया महंत नियुक्त कर दिया। ग्रामीणों ने सोमवार को पंचायत कर दूजपुरी को गांव से बाहर करने और उसके गांव में प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला लिया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण बाबा राजपुरी डेरे में एकत्रित हुए और सर्वसम्मति से कमालपुर डेरे के महंत बाबा महेश पुरी को बाबा लदाना डेरे की गद्दी सौंपने का निर्णय लिया। ग्रामीणों व कपिस्थल संत महामंडल की मौजूदगी में परंपरा के अनुसार महेश पुरी को चादर ओढ़ाकर विधिवत गद्दीनशीन किया गया।

कैथल। महंत महेश पुरी का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### जिला प्रशासन कमेटी को सौंपेगा कार्यभार

बता दें कि महंत दूजपुरी द्वारा साधु शिव शंकर पुरी की हत्या के बाद उसे व चार अन्य को पुलिस द्वारा काबू किए जाने से डेरे के प्रमुख महंत का पद खाली हो गया था तथा ग्रामीणों में महंत दूजपुरी के खिलाफ भारी रोष देखने को मिल रहा था। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा डेरे की देखरेख तहसीलदार को सौंप दी थी। जिला प्रशासन द्वारा जहां डेरे का काम सुचारू ढंग से करवाया जा रहा था तो वहीं डेरे में पुलिस कर्मचारी भी तैनात किए गए थे।

**चौकीदार बनकर बैठा हूं:** महंत महेश पुरी ने कहा कि वह डेरे की गद्दी पर एक संत के रूप में नहीं, बल्कि चौकीदार के रूप में बैठे हैं। अब वह बाबा राजपुरी डेरे की चौकीदारी करेंगे। डेरे में पूजा-अर्चना और सुधार के काम ग्रामीणों की इच्छा के अनुसार ही करवाए जाएंगे।

**डेरे में मिला था साधु का शव:** 2 सितंबर को बाबा राजपुरी डेरे में सिगरेट को लेकर हुए विवाद के बाद साधु शिव शंकर पुरी की हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने मुख्य महंत दूजपुरी और उसके चेले समेत 5 आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। घटना के करीब दो घंटे के भीतर ही पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

**खबर संक्षेप**

### 27 को नूंह में इनेलो की सम्मान दिवस रैली

**उचाना।** इनेलो युवा प्रदेश महासचिव अनिरूद्ध खटकड़ ने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल की जयंती पर 27 सितंबर को नूंह (मेवात) में सम्मान दिवस रैली आयोजित की जाएगी। खटकड़ ने कहा कि चौधरी देवीलाल की विचारधारा भाईचारे, किसान, मजदूर और गरीब के हितों से जुड़ी रही है। मेवात की धरती से जात-पात और धर्म के भेदभाव को भुलाकर भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा।

### सीएम सैनी की अगुवाई में हो रहा संपूर्ण विकास

**उचाना।** भाजपा नेता निरंजन चहल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा आज विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। मुख्यमंत्री के काफिले को रुकवाकर भी आमजन उनसे मिलकर अपनी समस्याएं बता सकता है। जहां भी मुख्यमंत्री को सड़क किनारे लोग अपनी समस्या के साथ खड़े दिखाई देते हैं, वे स्वयं काफिला रुकवाकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं।

### सीटीम ने ली समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में सीटीएम मोनिका रानी ने समाधान प्रकोष्ठ, सीएम विंडो, जनसंवाद तथा एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित आमजन की शिकायतों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित शिकायतों की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निपटान के निर्देश दिए। सीटीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मजन की शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आधारशिला स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता हुई

**जींद।** आधारशिला पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में भारत के इतिहास, संस्कृति, भूगोल, संविधान, साहित्य एवं गौरवशाली विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत को जानो परीक्षा का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिता भारत विकास परिषद की एक ज्ञानवर्धक पहल है, जिसमें विद्यार्थियों को भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने पर विशेष बल दिया जाता है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दो वर्गों-जूनियर वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं के 350 विद्यार्थियों ने तथा सीनियर वर्ग में कक्षा नौवीं से बारहवीं के 275 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### सेवा भारती लड़कियों के लिए खोलेगी कंप्यूटर केंद्र

**जींद।** सेवा भारती नगर समिति जींद की सेवा सदस्यों तथा कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया कि नवरात्रों के शुभ अवसर पर आगामी 11 अक्टूबर से लेकर 19 अक्टूबर तक जींद शहर में पहली बार संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अयोध्या धाम से कथा व्यास मधुरेश दास जी तथा उनके साधक पहुंच रहे हैं। संस्था के प्रवक्ता अशोक खर्ब, सचिन, बलजिंदर सिंगला ने बताया कि कथा में विशेष तौर पर प्रतिदिन कथा वाचक के साथ-साथ सभी भक्तजन कथा का उच्चारण अपने मुखारविंद से साथ-साथ करेंगे।

### मुकेश यादगार समिति की नई कार्यकारिणी गठित

**नरवाना।** मुकेश यादगार समिति रजिस्टर्ड की एक बैठक गत संध्या निजी निवास पर संपन्न हुई जिसमें 23 अगस्त को हुई मुकेश नाइट की समीक्षा की गई और नए सत्र 2026-27 के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से डॉ एस के सिंगला को संरक्षक, अवधेश शर्मा प्रधान, संजय चौधरी और डॉ भूप सिंह को वरिष्ठ उप प्रधान, रमेश वर्मा और सुमित शर्मा को कनिष्ठ उपप्रधान, सुदर्शन सिंगला को महासचिव, सरीन सिंगला व ओमप्रकाश को सचिव, गौतम गर्ग को प्रेस प्रवक्ता और पुनीत जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया।

## जिले में बुनियादी साक्षरता को मजबूत करने का मिला इनाम

# निपुण गतिविधियों को हर विद्यालय तक पहुंचाने वाले राजेश वशिष्ठ सम्मानित

**निपुण हरियाणा मिशन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को बुनियादी शिक्षा से जोड़ना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद। सम्मानित होते हुए राजेश वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने और निपुण गतिविधियों को प्रत्येक विद्यालय एवं शिक्षक तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए किए गए सराहनीय कार्य के लिए जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ को स मानित किया गया। शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकूला के उपनिदेशक जितेंद्र गौड़ ने सादे समारोह में उन्हें सम्मान प्रदान किया। उन्होंने राजेश वशिष्ठ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि निपुण लक्ष्य को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उपनिदेशक जितेंद्र गौड़ ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को उसकी कक्षा के अनुरूप बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षताओं में सक्षम बनाना है। इसके लिए विद्यालय स्तर पर गतिविधि आधारित शिक्षण, शिक्षकों का क्षमता निर्माण और बच्चों को सीखने के अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाना आवश्यक है। जिला जींद में इन सभी पहलुओं को लेकर किए जा रहे प्रयास उल्लेखनीय हैं। उन्होंने कहा कि राजेश वशिष्ठ ने निपुण गतिविधियों को हर विद्यालय और हर शिक्षक तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए। शिक्षक प्रशिक्षणों के सफल आयोजन, प्रशिक्षण में मिली जानकारी को कक्षा-कक्ष तक पहुंचाने, कक्षाओं को प्रिंट रिच बनाने तथा पाठ्य सहायक सामग्री (टीएलएम) के प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।

### सम्मान ने बढ़ाया उत्साह

सम्मान प्राप्त करने के बाद जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने कहा कि शिक्षा विभाग के उपनिदेशक के हाथों स मानित होना उनके लिए गर्व की बात है। यह सम्मान उन्हें भविष्य में और अधिक ऊर्जा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि उनके प्रत्येक प्रयास के केंद्र में बच्चे का सर्वांगीण विकास रहा है। राजेश वशिष्ठ ने कहा कि शिक्षक निपुण मिशन की सफलता की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए उनका प्रयास रहता है कि शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहे और बच्चों की सीखने की जरूरत के अनुसार कक्षा-कक्ष में नए प्रयोग किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिले में निपुण गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए

### शिक्षा के साथ समाजसेवा में भी सक्रिय

राजेश वशिष्ठ ने बताया कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ समाजसेवा में भी आगे बढ़ कर कार्य करना उनका जुनून रहा है। इसी भावना के तहत अब तक वह 52 बार रक्तदान कर चुके हैं और अनेक रक्तदान शिविरों के आयोजन में भी सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। शिक्षा और समाजसेवा दोनों ही क्षेत्रों में सकारात्मक योगदान देने का उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा। शैक्षणकि एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका के चलते उन्हें समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा स मानित भी किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स मान उनके लिए उपलब्धि से अधिक एक नई जिम्मेदारी है। इससे उन्हें बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उपनिदेशक जितेंद्र गौड़ द्वारा किए गए इस सम्मान से जिले के शिक्षा जगत में भी उत्साह का माहौल है। शिक्षकों और शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि ऐसे सम्मान न केवल व्यक्तिगत प्रयासों को पहचान देते हैं, बल्कि अन्य शिक्षकों एवं कर्मियों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। जिला जींद में किए जा रहे प्रयासों को मिला यह सम्मान जिले की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु की पहली पुण्य तिथि पर किया नमन

कैथल। बैठक में विचार विमर्श करते पूर्व सैनिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पूर्व सैनिकों की हनुमान वाटिका में मासिक मीटिंग उपरान्त 8 सितंबर मंगलवार प्रातः 9 बजे शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु शौर्य चक्र मरणोपरांत की पहली पुण्यतिथि पर मुख्य अतिथि अपराजिता उपयुक्त कैथल ,प्रशासनिक अधिकारी, सैनिक अधिकारी, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, स्कूली छात्रों व गांव वासी सभी मिलकर रोहेड़ा के बस अड्डा जो किठाना रोड़ पर बने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देंगे

शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा जिला कैथल के प्रांगण में शहीद की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस मौके पर लोक गायक कलाकार फौजी कर्मवीर और बलवान फौजी द्वारा देशभक्ति गीतों के साथ सर्वोच्च बलिदानी को श्रद्धांजलि दी जाएगी।इस में सभी स्कूली छात्रों सहित यहां पर हजारों की संख्या में गांव वासी पहुंचेगे बारे जानाकारी मिली, पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल प्रधान जगजीत फौजी ने उन्होंने बताया की ओम हॉस्पिटल पुंडरी की 5वीं वर्षगांठ के मौके पर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र पाल वत्स मुख्य अतिथि पहुंचे।

### बताई समस्याएं

इस मौके पर जनरल वत्स साहब को एसोसिएशन प्रधान ने जिला कैथल की व अन्य सैनिकों ,पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को आने वाली समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। इस में ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक संबंधित आने वाली कठिनाइयां बारे, कैथल में पुर्व सैनिकों के संस्थान एक छत के नीचे हो, एन सी सी बटालियन , केंद्रीय विद्यालय, लाइब्रेरी एवं कंप्यूटर इंस्टिट्यूट एवं सैनिकों के लिए सैनिक आयोग का गठन हो। साथ ही पूर्व सैनिक परिवारों को आधार कार्ड, वोट कार्ड वगैरह में आने वाली समस्याओं बारे भी अवगत करवाया और बताया कि सेना द्वारा सेवानिवृत पुस्तिका को सिविल में मान्य किया जाए।इन सब का लै जनरल साहब ने गहराई से अध्ययन किया। इस बारे एसोसिएशन को भरोसा दिलाया कि इस पर कार्रवाई होगी।

उचाना। ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम सम्मानित शिक्षक।

### ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**उचाना।** ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दरोली खेड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया। प्राचार्या डिंपल अरोड़ा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अजीत गौतम ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रबंधक समिति की ओर से शर्मीली, प्रदीप व हरदीप ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## इंद्र सिंह बैरागी एलिम्को के स्वतंत्र निदेशक नियुक्त, मिला सम्मान

- केंद्रीय कैबिनेट नियुक्ति समिति के तहत हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद। सीएम से मिलते हुए इंद्र सिंह बैरागी। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता हरियाणा बैरागी सभा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष इंद्र सिंह बैरागी को केंद्र सरकार की कैबिनेट नियुक्ति समिति द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन आने वाले एलिम्को का स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है। महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने पर इंद्र सिंह बैरागी ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और हरियाणा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। इंद्र सिंह बैरागी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, सह संगठन महामंत्री सौदान सिंह और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा. वीरेंद्र कुमार खटीक का आभार जताया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा का भी आभार जताया।

**न्यूज डायरी**

### बांगर के जतिन श्योकंद बने लेफ्टिनेंट

**उचाना।** बांगर क्षेत्र के खरकभूरा गांव निवासी जतिन श्योकंद पुत्र कर्नल अशोक श्योकंद ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने दादा स्व. करतार खरकभूरा के सपने को साकार किया है। उनके दादा का सपना था कि उनका पोता सेना में लेफ्टिनेंट बने। जतिन के लेफ्टिनेंट बनने से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जतिन श्योकंद ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आर्मी स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने सीडीएस/एनसीसी के माध्यम से सेना की प्रतिष्ठित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए), चेन्नई में प्रवेश प्राप्त किया।

### सुमन यादव ने संभाला उचाना एसडीएम का कार्यभार

**उचाना।** उचाना उपमंडल के नए एसडीएम के तौर पर सुमन यादव (आईएएस 2024) ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने उपमंडल सभागार में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का मौके पर समाधान करने के निर्देश दिए। उचाना में कार्यरत एसडीएम रमित यादव का गुरुग्राम तबादला होने के बाद सुमन यादव ने एसडीएम के तौर पर कार्यभार संभाला है। समाधान शिविर में पहुंचने वाले लोगों की समस्याओं को एसडीएम ने गंभीरता से सुना और समाधान के निर्देश दिए।

### जुलाना में कुम्हार समाज की हुई बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के जलघर परिसर में कुम्हार समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुम्हार समाज के प्रधान शमशेर बिरौली ने की। बैठक में समाज के लोगों ने सामाजिक एकताए शिक्षा और समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया। प्रधान शमशेर बिरौली ने कहा कि कुम्हार समाज की लंबे समय से मांग है कि जुलाना कस्बे में समाज के लिए एक धर्मशाला का निर्माण करवाया जाए। धर्मशाला नहीं होने के कारण समाज के लोगों को शादी, विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों और अन्य आयोजनों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने किया रैपिड फीवर मास सर्वे

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अधीन आने वाले गांव बरसोला में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव में घर-घर जा कर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करने का कार्य किया व रक्त पट्टिका बनाई गई। इसके साथ ही ग्रामीणों को मलेरिया, डेंगू एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। स्वास्थ्य टीम में जयवीर नेहरा, अंजू, सुमित कुमारी, भूपेंद्र यादव, सुशील शर्मा तथा पवन कुमार शामिल रहे।

### वार्ड सात में दीवार की ऊंचाई बढ़ाने की मांग

**उचाना।** रेलवे मालगोदाम के साथ वार्ड नंबर-7 में निर्माणाधीन दीवार की ऊंचाई बढ़ाने और वर्षों पुराने रास्ते को निर्माण के दौरान छोड़े जाने की मांग को लेकर वार्डवासी विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में मिले। वार्डवासियों ने विधायक को बताया कि मालगोदाम के साथ बनाई जा रही दीवार की ऊंचाई फाटक की तरफ बनी दीवार से कम है। ऐसे में मालगोदाम की तरफ से कोई भी व्यक्ति दीवार से कूदकर गली में आ सकता है, जिससे सुरक्षा को लेकर परेशानी बनी रहेगी। वार्डवासियों ने बताया कि दीवार निर्माण के दौरान वर्षों पुराने रास्ते को भी बंद न किया जाए।

## पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर रहेगा फोकस

- 26 सितंबर को जुलाना व पिल्लूखेड़ा में होंगे ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता अधिवेशन : हैबतपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने संगठन की कमान संभालने के बाद पार्टी को जमीनी स्तर पर निरंतर सक्रिय करने की दिशा में अपनी रणनीति और भी तेज कर दी है। जिला कांग्रेस कार्यालय में हुई मासिक बैठक में जिस तरह संगठन को मजबूत करनेए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जन सरोकार से जुड़े मुद्दों को लेकर जनजागरण अभियान चलाने पर जोर दिया गया, उससे साफ है कि कांग्रेस आगामी समय में केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित रहने के बजाय संगठन को गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करने की तैयारी में है। रिषिपाल ने बैठक में कार्यकर्ताओं को सरकार की नीतियों और वादा खिलाफी के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने का आह्वान किया। उनका जोर इस बात पर रहा कि कार्यकर्ता केवल पार्टी कार्यक्रमों तक सीमित न रहें बल्कि आम लोगों की समस्याओं को समझ कर उन्हें पार्टी के मुद्दों से जोड़ें। यही रणनीति कांग्रेस के लिए जमीनी आधार मजबूत करने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिला अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को भी कांग्रेस के जनसरोकार से जोड़ते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के साथ हुए समझौते लागू नहीं होने और आंदोलन के दौरान लाठीचार्ज व एफआईआर की कार्रवाई से सरकार की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस ऐसे मुद्दों पर कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

## श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में नए पाठ्यक्रमों का निरीक्षण किया

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में डीएचईओ सह प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में बीएससी सिंगल मेजर इन फिजिक्स एवं बीएससी सिंगल मेजर इन केमिस्ट्री के नए पाठ्यक्रमों के संबंध में निरीक्षण समिति द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विषय आधारित अध्ययन के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये नए पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को अपने चुने हुए विषय में अधिक गहराई से अध्ययन करने का अवसर प्रदान करेंगे। निरीक्षण समिति में प्रो. आनंद मलिक, डा. दीपक वाधवा तथा सुरेश कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर बीएससी सिंगल मेजर इन फिजिक्स की विभागाध्यक्ष कमलजीत तथा बीएससी सिंगल मेजर इन केमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष निशा परुथी ने अपने-अपने विभागों एवं पाठ्यक्रमों से संबंधित आवश्यक जानकारी निरीक्षण समिति के समक्ष प्रस्तुत की। उप प्राचार्य लाभ सिंह ने कहा कि बीएससी सिंगल मेजर इन फिजिक्स एवं केमिस्ट्री जैसे पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को अपने विषय की गहराई से पढ़ाई करने का अवसर देंगे।

जींद। निरीक्षण के दौरान प्राध्यापक।

## जिले में 24 पीएचसी को पछाड़ जीता अवार्ड, पुरस्कार के तौर पर मिलेंगे दो लाख रुपये

# पीएचसी नगूरां को मिला राज्य का सर्वोच्च कायाकल्प पुरस्कार

**बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर हुआ चयन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्रदेश सरकार की कायाकल्प योजना के तहत पीएचसी नगूरां ने राज्य का सर्वोच्च कायाकल्प अवार्ड अपने नाम किया है। पीएचसी नगूरां ने यह अवार्ड जिले के 24 पीएचसी को पछाड़ कर अपने नाम किया है। पीएचसी को सर्वोच्च पुरस्कार के रुप में दो लाख रूपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। इस उपलब्धि से पीएचसी प्रबंधन और स्वास्थ्य कर्मियों में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर राज्य सरकार कायाकल्प तथा केंद्र सरकार सरकार राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक योजना के तहत हर वर्ष अस्पतालों का चयन करती है। जिसमें अबकी बार राज्य की कायाकल्प योजना के तहत नगूरां पीएससी का चयन हुआ है। लगातार बेहतर स्वास्थ सुविधाओं के विस्तार के लिए इस पीएचसी का नाम प्रदेश की कायाकल्प योजना के तहत चयन सूची में शामिल किया गया है। अब पीएचसी प्रबंधन को दो लाख रूपये की पुरस्कार राशि मिलेगी।

### जिले में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए

नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव।

नगूरां पीएचसी प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने सोमवार को बताया कि राज्य व केंद्र सरकार कायाकल्प व राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की टीमें अस्पतालों का निरीक्षण कर वहां व्यवस्थाओं का जायजा लेती है। इसी के अनुसार अस्पतालों का चयन होता है। जिसमें नगूरां पीएचसी ने राज्य की कायाकल्प योजना के तहत जिले के 24 पीएचसी में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया बीते वर्षों में पीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी को लेकर कई कार्य किए हैं। जिससे निरीक्षण के दौरान पीएचसी नगूरां को कायाकल्प योजना के तहत पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। डा. दीक्षा ने बताया कि राज्य की कायाकल्प व केंद्र की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक पहल के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का स्वच्छता, सफ ाई और संक्रमण नियंत्रण के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। पुरस्कारों को तीन स्तरों की जांच के बाद अंतिम रूप दिया जाता है, आंतरिक, सहकर्मी और बाहरी मूल्यांकन।

### बढ़िया नेतृत्व व कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम

गांव नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप खटकड़ ने बताया कि नगूरां पीएचसी को राज्य स्तर पर सर्वोच्च सुंदरता एवं कायाकल्प का अवार्ड मिलना पूरे गांव के लिए गर्व का पल है। कर्मचारियों की मेहनत व कुशल प्रबंधन के चलते ऐसा हो पाया है। पूरे जिले को पछाड़ नगूरां पीएचसी ने सर्वोच्च कायाकल्प का अवार्ड अपने नाम किया है। इसके लिए पीएचसी का पूरा स्टाफ बधाई का पात्र है। भविष्य में भी पीएचसी राज्य व केंद्र स्तर की योजनाओं में आयाम स्थापित करे। इसके लिए पंचायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चलेगी।

### शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं संगीत एवं सांस्कृतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए हाथ से बने ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए। प्रत्येक कार्ड में शिक्षकों के लिए विशेष धन्यवाद संदेश लिखा गया था, जिसे प्रत्येक स्वयंसेविका ने स्नेहपूर्वक अपने शिक्षक को भेंट किया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्राचार्य डा. पूनम मोर ने कहा कि शिक्षक दिवस हमें गुरु व शिष्य परंपरा के महत्व और हमारे जीवन में शिक्षकों के अमूल्य योगदान की याद दिलाता है। उन्होंने आगे कहा कि यह दिन महान शिक्षक सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

## खबर संक्षेप

### महिला कांग्रेसबैठक में संगठन मजबूती पर जोर

**कैथल।** चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व एवं हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पल चौधरी के तत्वावधान में प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

बैठक में संगठन को जिला एवं विधानसभा स्तर पर मजबूत करने, आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर जिम्मेदारियां निर्धारित करने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने महिला पदाधिकारियों के सुझाव सुने और महिलाओं से सशक्त होकर कांग्रेस संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

### श्री नारायण सेवा समिति ने मनाया स्थापना दिवस

**कैथल।** समाज सेवा और निःशुल्क शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था 'श्री नर नारायण सेवा समिति' ने 6 सितंबर को आरकेएसडी कॉलेज में अपना 19वां स्थापना दिवस तथा शिक्षक दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया। शहरवासियों, दानदाताओं और स्वयंसेवकों की भारी उपस्थिति से यह आयोजन ऐतिहासिक रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओपी गर्ग उपस्थित रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता डॉ. राजेंद्र कुमार ने की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीएसपी (क्राइम) सुशील कुमार और नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी रविंदर धीमान ने शिरकत की।

## पोषण माह को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

# 9 सितंबर से 9 अक्टूबर तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय पोषण माह : सुशील

खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली, शिक्षा, टीमों के समन्वय और पोषण आहारों के प्रति प्रेरित करे आंगवाड़ी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि 9 सितंबर से 9 अक्टूबर 2026 तक पोषण माह मनाया जाएगा। जिसका मुख्य थीम हमारी आंगनवाड़ी हमारी जिम्मेदारी है। इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जाए। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए पोषण संबंधी जागरूकता को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाएं।

एडीसी सुशील कुमार सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के सफल संचालन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि अति कुपोषित बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं। गर्भवती महिलाओं के एएनसी चेकअप तथा बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। होम विजिट के दौरान टीकाकरण और पोषण पर विशेष ध्यान देने के साथ 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों में विकासात्मक देरी की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को स्कूलों में पोषण संबंधी जागरूकता अभियान चलाने तथा क्विज, पोस्टर, कहानी, खेल और योग प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए। खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली, शिक्षा और पोषण के प्रति प्रेरित करने तथा स्कूल टीमों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा। एडीसी ने पंचायती राज एवं शहरी स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंचों एवं पंचों तथा शहरी क्षेत्रों में पार्षदों के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित की जाए।

### शत-प्रतिशत पंजीकरण करें अधिकारी

*एडीसी ने पीएमएमवीवाई योजना के तहत पात्र गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की पहचान कर उनका शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा उन्हें योजना के लाभों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण माह का उद्देश्य केवल विभागीय गतिविधियों तक सीमित न रहकर समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से कुपोषण के खिलाफ व्यापक जन-जागरूकता पैदा करना होना चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, डा. नवराज, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी अमित कौशिक सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।*

# अभिव्यक्ति और कलात्मक प्रतिभा से छात्रों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में बिखेरे रंग

- कौल कॉलेज में टैलेंट शो के तहत पेंटिंग, भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांढ

**ढांढ।** प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'टैलेंट शो' के तहत विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति क्षमता को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी, भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सोनिया रानी रहीं।

प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कला, साहित्य और वाणी का संगम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा मंच पर अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का साहस विकसित होता है।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन के लिए विभिन्न विधाओं में निर्णायक मंडल नियुक्त किए गए।

# स्वच्छ वायु दिवस पर छात्राओं ने लोगों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- स्वच्छ वायु और स्वस्थ पर्यावरण स्वस्थ जीवन की मुख्य आधारशिला : अजय मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

**राजौंद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में स्वच्छ वायु दिवस पर चार्ट बनाती छात्राएं।

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजौंद में स्वच्छ वायु दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं के लिए चार्ट मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। गतिविधि का उद्देश्य छात्राओं को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक आकर्षक और संदेश परक चार्ट तैयार किए। चार्ट के माध्यम से उन्होंने वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव, स्वच्छ वायु का महत्व, पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। छात्राओं को बताया गया कि पेड़-पौधे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करनी चाहिए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय मलिक ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ वायु और स्वस्थ पर्यावरण स्वस्थ जीवन की आधारशिला हैं। उन्होंने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने तथा 'एक छात्रा–एक पौधा' जैसे संकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## आईटीआई में मिशन एडमिशन समाप्त, छात्रों की उमड़ी भीड़

**कैथल।** कैथल के राजकीय आईटीआई में दाखिला लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

**कैथल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चल रहा मिशन एडमिशन रविवार को समाप्त हो गया। 2 जुलाई से शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया के अंतिम दिन राजकीय आईटीआई कैथल में रिक्त सीटों पर दाखिला लेने के लिए विद्यार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। विद्यार्थियों ने सुबह से ही संस्थान में पहुंचकर अपनी बारी का इंतजार किया। विभाग की ओर से रिक्त सीटों के लिए मैरिट के आधार पर ऑन द स्पॉट दाखिले किए गए। अंतिम दिन31 विद्यार्थियों को विभिन्न ट्रेडों में दाखिला मिला। दाखिला प्रक्रिया के अंतिम दिन संस्थान में विद्यार्थियों और अभिभावकों की काफी भीड़ रही। जिन विद्यार्थियों की मैरिट रिक्त सीटों के लिए निर्धारित मानदंड में रही, उन्हें दस्तावेजों की जांच के बाद संबंधित ट्रेड में दाखिला दिया गया। संस्थान प्रबंधन की ओर से दाखिला प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए थे।

## कलायत में रिटायर्ड कर्मचारियों ने लंबित मांगों पर की बैठक, आंदोलन की चेतावनी

**कलायत।** कलायत में रिटायर्ड कर्मचारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए नाराजगी बैठक की। इसकी अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ कलायत इकाई प्रधान कर्मबीर कौलेखां ने की। भट्ट धर्मशाला में आयोजित इस बैठक में जिला कमेटी कोषाध्यक्ष धूप सिंह सिरोही व जिला सचिव जयप्रकाश शास्त्री ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आयु बढने पर पैंशन बढ़ोतरी, कैशलैस मैडिकल प्रणाली लागू करने, कम्युटेशन रिकवरी ग्यारह वर्ष में पूरी करने व कारोना काल का अठारह महीनों का रोका गया महंगाई भत्ता जारी करने में आनाकानी कर रही है। केंद्र सरकार उनके लिए प्रस्तावित आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट उन पर लागू करने में रुचि नहीं ले रही। पुरानी पैंशन बहाली पर भी नकारात्मक रूख अपनाए हुए है। इसके चलते रिटायर्ड कर्मियों में नाराजगी है और वे आंदोलन के लिए मजबूर हैं। इस स्थिति को लेकर कर्मचारी नेता सतबीर मोर ने आगामी आंदोलन के बारे में चर्चा की। 29 व 30 सितंबर को जिला मुख्यालय कैथल पर चौबीस घंटों का पड़ाव डालने का निर्णय लिया। इसके जरिये दो दिन देश भर में प्रदर्शन होगा।

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में छाई दिव्या

- दिव्या ने कठिन मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर हासिल किया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



**राजौंद।** किठाना पब्लिक स्कूल की छात्रा दिव्या।

किठाना पब्लिक स्कूल की दिव्या ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। दिव्या की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता के दौरान दिव्या ने पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपना दमखम दिखाया। उन्होंने कठिन मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया और प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दिव्या को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। एमडी विकास ढांडा ने भी दिव्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की खेलों में उपलब्धियां अन्य छात्रों को भी खेलों के प्रति प्रेरित करती हैं।

**कैथल।** जिला सलाहकार एवं नोडल सामंजस्य अधिकारी दीपक कुमार कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

## विभागीय बैठक में की जल अर्पण दिवस की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श

**कैथल।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, कैथल द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले की चयनित 26 ग्राम पंचायतों में 9 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले 'जल अर्पण दिवस' कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला सलाहकार एवं नोडल सामंजस्य अधिकारी दीपक कुमार ने जिले के सभी ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर्स की बैठक लेकर तैयारियों एवं अब तक की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान निर्धारित ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाने वाले 'जल अर्पण दिवस' कार्यक्रमों की तैयारियों, अब तक की गई गतिविधियों तथा कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली गई

नोडल अधिकारी जगदीप दलाल ने कहा कि 'जल अर्पण दिवस' जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण हो चुकी पेयजल योजनाओं को ग्रामीण समुदाय को समर्पित करने के साथ-साथ इन योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन एवं रख-रखाव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

# 25 करोड़ से अधिक लोगों ने ली बाल विवाह के खिलाफ शपथ

- एमडीडी ऑफ इंडिया ने चलाई विशेष मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारत से शुरू हुई बाल विवाह के खिलाफ मुहिम अब वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुकी है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 4 सितंबर 2026 को बाल विवाह उन्मूलन के लिए प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद 27 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह मुक्त विश्व दिवस के रूप में मनाए जाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। यह पहल बाल अधिकार कार्यकर्ता एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋभु की उस सोच का परिणाम है, जिसमें उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक समर्पित दिवस की मांग उठाई थी। मार्च 2026 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ़ वोमेन (सी एस वी 70) में भी इस मांग को दोहराया था। अब भारत की यह आवाज वैश्विक प्रतिबद्धता बन चुकी है।

सुरेंद्र मान

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के अनुसार, यह आंदोलन 99 से अधिक देशों तक पहुंच चुका है और *25 करोड़ से अधिक लोगों ने अपने समुदायों एवं देशों में बाल विवाह समाप्त करने की शपथ ली है। इसके सहयोगी संगठन 782 जिलों में सरकारों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, विद्यालयों, पंचायतों, महिलाओं, धार्मिक नेताओं, पुलिस तथा जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं।

# सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में विकास की नई राह पर हरियाणा: सतबीर भाणा

- हर वर्ग तक पहुंच रहा कल्याणकारी नीतियों का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

**पूंडरी।** कार्यालय में वर्करों के साथ भाजपा नेता सतबीर भाणा।

भाजपा नेता सतबीर भाणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश सरकार की नीतियों का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है और मुख्यमंत्री ने विकास के साथ-साथ पारदर्शी शासन व्यवस्था को प्राथमिकता देकर आम जनता का विश्वास मजबूत किया है। आज पाई मार्ग स्थित कार्यालय में वर्करों की एक बैठक के दौरान सतबीर भाणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची के रोजगार देना है। पारदर्शी भर्ती व्यवस्था से योग्य युवाओं को आगे बढने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 12 वर्षों में प्रदेश में दो लाख से अधिक युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची सरकारी नौकरी दी गई है, जबकि पिछले डेढ़ वर्ष में ही करीब 43 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का ध्यान केवल रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश में 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है।

# पूर्व सैनिक पृथ्वी सिंह पंचतत्व में विलीन, गांव में शोक की लहर

- पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ने तिरंगा ओढ़ाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाकल

**बाकल।** पूर्व सैनिक पृथ्वी सिंह के पार्थिव शरीर को तिरंगा ओढ़ाकर श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी

226 मीडियम रेजिमेंट के बहादुर पूर्व सैनिक सिपाही पृथ्वी सिंह का बीमारी के चलते 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने रात को अपने पैतृक गांव बाकल स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना उनके पुत्र पूर्व सैनिक कृष्ण कुमार और प्रवीण कुमार ने पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल को दी। सूचना मिलते ही एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल गांव बाकल पहुंचा। एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी के नेतृत्व में रिसालदार गोपीचंद करोड़ा, सीपीओ राजबीर भाना, रिसालदार कर्मवीर भाल और सूबेदार महेंद्र सिंह बंदराना ने पार्थिव शरीर को तिरंगा ओढ़ाकर सैनिक सम्मान दिया। इसके बाद बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक अंतिम यात्रा में शामिल हुए। श्मशान घाट में एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने रीथ चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सैनिकों, ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत सैनिक को नमन किया।

# अध्यापकों ने पहली अतिथि अध्यापिका राजरानी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

**कैथल।** अतिथि अध्यापिका स्वर्गीय राजरानी को श्रद्धांजलि देते अतिथि अध्यापक।

जिला के अतिथि अध्यापकों ने हनुमान वाटिका में इकट्ठे होकर 7 सितम्बर 2008 में 15000 अतिथि अध्यापकों को नियमित करवाने और कर्मचारी वर्ग के लिए संघर्ष की दिशा तय करने वाली हरियाणा प्रदेश की पहली महिला अतिथि अध्यापिका बहन राजरानी जो रोहतक में पुलिस की गोलियां का शिकार हो गयी थी। बहन राजरानी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कैथल जिला के सैकड़ों अतिथि अध्यापक हनुमान वाटिका में इकट्ठे हुए और स्वर्गीय राजरानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान मास्टर सुभाष चन्द ने कहा कि बहन राजरानी की शहादत को 18 वर्ष का समय बीत चुका है लेकिन न तो पिछली कांग्रेस सरकार ने और न ही वर्तमान बीजेपी की सरकार ने 2014 में दिल्ली जंतर मंतर पर आमरण-अनशन के दौरान लिखित में वायदा करने और घोषणा पत्र में लिखने के बाद की बीजेपी सरकार बनते ही अतिथि अध्यापकों को नियमित किया जाएगा।

## खनौरी माइनर के घाट से उपले हटवाने की मांग, कार्रवाई के निर्देश

# शिविर में एसडीएम ने सुनी आमजन की समस्याएं

अधिकारियों को दिए समयबद्ध समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

**कैथल।** एसडीएम डा. संजय कुमार समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम संजय कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। समाधान शिविर में गांव अटैला निवासी एक व्यक्ति ने गांव की फिरनी पर अतिक्रमण की शिकायत रखी। उन्होंने बताया कि खनौरी माइनर के घाट से स्कूल के गेट तक फिरनी पर गोबर के उपले रखे जाने से रास्ता अवरुद्ध हो रहा है और आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने फिरनी से उपले हटवाने तथा भविष्य में वहां इस प्रकार का अतिक्रमण न होने देने की मांग की।

### निपटारे में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें अधिकारी

एसडीएम संजय कुमार ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके की जांच करने और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन को अपनी शिकायतों के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध करवाना है। अधिकारी शिकायतों के निपटारे में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और नागरिकों को राहत पहुंचाना प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें।

खेतों को जाने वाले पुराने रास्ते पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण की शिकायत दी। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते पर मकान, रैंप और चबूतरे बनाए जाने के कारण रास्ता संकरा हो गया है, जिससे ट्रैक्टर, कंबाइन और अन्य कृषि मशीनरी को खेतों तक ले जाने में परेशानी होती है। एवं पंचायत के माध्यम से पैमाइश करवाने, अवैध निर्माण हटाने तथा रास्ते में स्थित बिजली के पोल को स्थानांतरित करवाने की मांग की।

गांव हाबड़ी निवासी जसबीर ने मकान की दीवार को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त किए जाने की शिकायत दी।

## प्रदेश के सबसे बड़े वाटर वर्क्स में शामिल बड़ौदी परियोजना का डॉ. मिड्ढा ने किया निरीक्षण

# 350 करोड़ रुपये से बन रही बड़ौदी वाटर वर्क्स परियोजना से बदलेगी जींद की पेयजल व्यवस्था

जींद के प्रवेश द्वार होंगे आकर्षक, बाइपास पर 15 किलोमीटर क्षेत्र में होगी लाइटिंग

- कंडम बिजली की तारें बदलने तथा अंडरग्राउंड केबलिंग पर फोकस

जींद। निरीक्षण करते हुए तथा बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद शहर की पेयजल व्यवस्था को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मजबूत करने के लिए बड़ौदी में लगभग 350 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा वाटर वर्क्स एक ऐतिहासिक परियोजना है। परियोजना के पूरा होने के बाद जींद शहरवासियों को भाखड़ा का स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण नीला पानी उपलब्ध होगा और आगामी लगभग 50 वर्षों तक शहर की पेयजल जरूरतों को पूरा करने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गांव बड़ौदी में निर्माणाधीन वाटर वर्क्स का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा परियोजना से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करवाने के लिए हर स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। डॉ. मिड्ढा ने कहा कि गांव बड़ौदी में प्रदेश के सबसे बड़े वाटर वर्क्स में शामिल इस परियोजना का निर्माण कार्य पूरी गति से चल रहा है। वाटर वर्क्स के साथ-साथ आवश्यक पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। परियोजना के पूरा होने से जींद शहर को न केवल पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा बल्कि आने वाले वर्षों में बढ़ती आबादी के अनुरूप पेयजल व्यवस्था को भी मजबूत आधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार और मूलभूत आवश्यकता है। इसलिए इतनी महत्वपूर्ण परियोजना में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य में निर्धारित मापदंडों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करवाएं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीसी डा. वैशाली शर्मा, एडीसी प्रदीप कुमार, जिला नगर आयुक्त अनिल दून, पब्लिक हेल्थ के अधीक्षक अभियंता भानू प्रकाश, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता आरके नैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### विकास कार्यों में गुणवत्ता सर्वोच्च

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए उपलब्ध करवाए जा रहे बजट का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुंचना चाहिए। अधिकारियों को चाहिए कि वे परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करें और किसी भी स्तर पर आने वाली अड़चन को आपसी समन्वय से दूर करें। जींद में एक साथ पेयजल, सड़क, बिजली, खेल, स्वास्थ्य और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य आने वाले समय में शहर की नई तस्वीर प्रस्तुत करेंगे। बड़ौदी वाटर वर्क्स जैसी दीर्घकालीन परियोजनाएं शहर के भविष्य को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण साबित होंगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर रहे विशेष ध्यान

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि विकास कार्य केवल शहर तक सीमित नही रहने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तर्ज पर सड़क, पेयजल, बिजली, स्वच्छताए स्ट्रीट लाइट तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं का आंकलन कर प्राथमिकता के आधार पर विकास परियोजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि जींद को सुंदर, स्वच्छ और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर ऐसे प्रोजेक्ट तैयार करेंए जिससे आमजन को सीधा लाभ मिले और शहर की पहचान भी बेहतर बने।

### मेडिकल कॉलेज से मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि गांव हैबतपुर में करोड़ों रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य भी पूरी गति से चल रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाने के लिए लगातार निगरानी रखी जाए। मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद जींद जिले के लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। इसका लाभ आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी मिलेगा।

### 10 करोड़ रुपये से बन रहा सिंथेटिक ट्रैक

डिप्टी स्पीकर ने बताया कि एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करवाया जाए। जींद जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों को यदि बेहतर खेल सुविधाएं और आधुनिक प्रशिक्षण का माहौल मिले तो वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले तथा प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

## लंबित मांगों का समाधान न होने से स्वास्थ्य कर्मियों में रोष

जींद। बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने 28 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की मौजूदगी में हुई वार्ता एवं सहमति के बावजूद मांगों पर कारवाई न होने पर नाराजगी जताई है। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, महासचिव सहदेव आर्य एवं प्रवक्ता संदीप कुंडू ने कहा कि लंबित मांगों के समाधान हेतु गत 28 जुलाई को एसोसिएशन की स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी में महानिदेशक एवं मिशन निदेशक अधिकारियों से सहमति हो चुकी है लेकिन अभी तक मिशन निदेशक कार्यालय द्वारा मिनट ऑफ मीटिंग भी जारी न करना संवेदनहीनता को दर्शाता है। कर्मचारियों में सरकार एवं विभाग की ढुलमुल रवैये के खिलाफ रोष है। राज्य महासचिव सहदेव एवं प्रवक्ता संदीप कुंडू ने सरकार से कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही करते हुए मांगों का हल करने की अपील की है। एसोसिएशन के राज्य महासचिव सहदेव आर्य ने नगर पालिका कर्मचारियों की सभी जायज मांगों का पूर्ण समर्थन किया है। एनएचएम में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू को माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार पॉलिसी बनाते हुए नियमित करने, कैडर के मूल वेतनमान का लाभ देंगे, ड्रेस एवं यात्रा भत्ते का लाभ, सेवानिवृत्ति उपरांत लाभ प्रदान करने सहित तबादला नीति बनाने, शहरी क्षेत्र में नॉर्म अनुसार पद स्वीकृत करते हुए नियमित भर्ती, पदनाम संशोधन करने, वित्त वर्ष 2020-23 की बकाया सजब प्रदान करने सहित कई मांगें लंबित हैं।

## आरकेएसडी कॉलेज कैथल में यूजी प्रथम वर्ष में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक बढ़ी

कैथल। हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल में स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2026-27 की रिक्त सीटों पर प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक किसी कारणवश प्रवेश नहीं लिया है, उनके लिए यह प्रवेश का महत्वपूर्ण अवसर है। कॉलेज में अब तक स्नातक प्रथम वर्ष में कुल 1901 विद्यार्थियों के प्रवेश हो चुके हैं। कॉलेज प्रशासन के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों में अभी भी सीटें उपलब्ध हैं तथा प्रवेश "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। विलम्ब शुल्क 100 रुपये प्रतिदिन की दर से लागू रहेगा। विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए शीघ्र प्रवेश सुनिश्चित करें। प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि आर.के.एस.डी. कॉलेज विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों का किसी कारणवश अभी तक प्रवेश नहीं हो पाया है, उन्हें अंतिम तिथि बढ़ाए जाने का लाभ उठाते हुए समय रहते अपना प्रवेश सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस अवसर को हाथ से न जाने दें और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाएं। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों, एनसीसी, एनएसएस तथा अन्य विद्यार्थी-केंद्रित गतिविधियों के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करें।

## उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं सामने रखीं। अतिरिक्त उपायुक्त ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर इनके समाधान के निर्देश दिए। उन्होने बताया कि समाधान शिविर में बिजली, सीवर, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें लेकर लोग पहुंच रहे हैं। एक ही स्थान पर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहतें हैं, जिससे लोगों को अपनी समस्या लेकर अलग.अलग कार्यालयों के चक्कर नही लगाने पड़ते।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का सरल और त्वरित समाधान करना तथा जरूरतमंद और पात्र लोगों तक सरकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। सरकार का प्रयास है कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे बल्कि उनका असर धरातल पर दिखाई दे और आमजन को इसका सीधा लाभ मिले। मुख्यमंत्री स्वयं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि लोगों की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की लापरवाही न हो।

## बस पास पर सफर करने वाले छात्रों को इलेक्ट्रिक बसों में भी निशुल्क यात्रा की सुविधा

जींद। रोडवेज बसों में पास पर सफर करने वाले विद्यार्थियों को अब इलेक्ट्रिक बसों में भी निशुल्क यात्रा की सुविधा मिल गई है। हरियाणा सिटी बस सर्विस लिमिटेड (एचसीबीएसएल) ने निर्देश जारी कर इस सुविधा को प्रदेश की इलेक्ट्रिक बस सेवाओं में लागू कर दिया है। अभी तक यह सुविधा केवल सामान्य बसों तक सीमित थी। पानीपत डिपो से चार इलेक्ट्रिक बस जींद आती हैं। पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के अलग-अलग डिपो में चल रही इलेक्ट्रिक बसों का उद्घाटन किया था तो पानीपत डिपो की एक बस केवल सफीदों तक आती थी। चार इलेक्ट्रिक बस जींद तक आती हैं। वहीं अब विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्यार्थियों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी है। पहली इलेक्ट्रिक बस दोपहर बाद तीन बजकर 50 मिनट, दूसरी बस चार बजकर 50 मिनट, तीसरी बस पांच बजकर 20 मिनट और चौथी बस शाम पांच बजकर 50 मिनट पर जींद से पानीपत के लिए रवाना होती है। इलेक्ट्रिक बसों में जींद से पानीपत का किराया लगभग 110 रुपये है जबकि रोडवेज व परिवहन समिति की बसों में किराया लगभग 80 रुपये है। पानीपत रूट पर परिवहन समिति की 26 बस भी चलती हैं। परिवहन समिति की बसों में विद्यार्थियों के साथ परिचालकों द्वारा बुरा व्यवहार करने की शिकायतें प्राप्त होती हैं। ऐसे में इलेक्ट्रिक बसों में विद्यार्थियों के पास मान्य होने पर सुविधा होगी। जींद डिपो ने भी मुख्यालय के पास पांच इलेक्ट्रिक बसों की डिमांड भेज रखी है, जो अभी तक नहीं मिली है।

## भारत की पहल बनी वैश्विक प्रतिबद्धता : भीमसेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारत से शुरू हुई बाल विवाह के खिलाफ मुहिम अब वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुकी है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 4 सितंबर 2026 को बाल विवाह उन्मूलन के लिए प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद 27 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह मुक्त विश्व दिवस के रूप में मनाए जाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। यह पहल बाल अधिकार कार्यकर्ता एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन (जे आर सी) के संस्थापक भुवन ऋभु की उस सोच का परिणाम है, जिसमें उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक समर्पित दिवस की मांग उठाई थी। मार्च 2026 में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ़ वोमेन (सी एस वी 70) में भी इस मांग को दोहराया था। अब भारत की यह आवाज वैश्विक प्रतिबद्धता बन चुकी है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के अनुसार, यह आंदोलन 99 से अधिक देशों तक पहुंच चुका है और 25 करोड़ से अधिक लोगों ने अपने समुदायों एवं देशों में बाल विवाह समाप्त करने की शपथ ली है। इसके सहयोगी संगठन 782 जिलों में सरकारों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, विद्यालयों, पंचायतों, महिलाओं, धार्मिक नेताओं, पुलिस तथा जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। अभियान के प्रभाव को दर्शाने वाले आंकड़ों के अनुसार, 5.5 लाख से अधिक बाल विवाह रोके एवं टाले गए हैं। भारत में अभियान के तहत 5 लाख से अधिक बाल विवाह रोके गए, 7 लाख से अधिक स्कूल छोड़ चुके बच्चों का पुनः नामांकन कराया गया तथा 25 करोड़ से अधिक लोगों ने बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प लिया है यह उपलब्धियां दर्शाती हैं कि जब सरकार, सामाजिक संगठन और समुदाय एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करना संभव है।

## किसानों ने किया प्रदर्शन, गन्ने का रेट 600 रुपये करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर से जुड़े किसानों ने मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन किया। बाद में उनहोंने अपनी मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को सरकार के नाम सौंपा। इससे पूर्व भारी संख्या में किसान लघु सचिवालय के पार्क में इकट्ठे हुए और नारेबाजी करते हुए गेट के सामने पहुंचे। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकियू एक सिद्धपुर के स्टेट कन्वीनर होशियार गिल ने किया।

किसानों ने मांग की कि धान की खरीद 15 सितंबर से सुचारू रूप से शुरू की जाए व नमी (मॉइस्चर) की लिमिट 17 से बढ़ाकर 20 की जाए। इसके अलावा गन्ने का रेट 600 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए और इकबालपुर शुगर मिल में पिछले 9 साल से किसानों की बकाया राशि का भुगतान कराया जाए।

## एसडीएम व नायब तहसीलदार ने भूना के राजकीय स्कूल का किया निरीक्षण

गुहला। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव गुणवत्तापरक शिक्षा और सही सोच से तैयार होती है। प्रत्येक विद्यार्थी को जिस कक्षा में वह पढ़ रहा है, उस कक्षा के विषयों का पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि ज्ञान, आत्मविश्वास और सामाजिक समझ का विकास करना है। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने यह बात गांव भूना के राजकीय स्कूल के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कही। इस दौरान उनके साथ नायब तहसीलदार राहुल डोगरा भी मौजूद रहे। एसडीएम ने स्कूल में विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही सभी मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन से व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए एसडीएम ने आत्म-जागरूकता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसडीएम ने शिक्षकों के साथ बैठक करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नायब तहसीलदार राहुल डोगरा भी राजकीय स्कूल भूना पहुंचे। बता दें कि नायब तहसीलदार दिव्यांग हैं और वे इस परिस्थिति में स्कूलों का निरीक्षण कर रहे हैं, इस तरह का जज्बा भी बहुत कम देखने को मिलता है। उन्होंने इस स्कूल को गोद लिया हुआ है और इससे पहले भी स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं।

## स्वास्थ्य विभाग को मिली दो डेंगू मामलों की रिपोर्ट पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम में बदलाव के साथ ही जिला में धीरे-धीरे डेंगू के मामलों में इजाफा हो रहा है। सोवमार को स्वास्थ्य विभाग को दो लोगों की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। इनमें जुलाना का 25 वर्षीय युवक और ढाकल गांव निवासी तीन वर्षीय बच्ची शामिल है। दोनों की जांच निजी लैब से करवाई गई थी, जिनमें डेंगू संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही जिले में इस सीजन में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। वहीं स्वाइन फ्लू के दो तथा मलेरिया के तीन मामले सामने आ चुके हैं। नए मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें घर-घर दस्तक दे रही हैं। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुखार से पीड़ित लोगों के खून के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक करते हुए पोस्टर आदि भी वितरित किए जा रहे हैं।

## सुरजेवाला को गुजरात प्रभारी बनाए जाने पर पूंडरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू

पूंडरी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला को गुजरात कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने पर पूंडरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। नरेंद्र पिलनी के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया और सुरजेवाला को नई जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला को संगठन और राजनीति का लंबा अनुभव है। उनकी संगठनात्मक क्षमता का लाभ गुजरात में कांग्रेस को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला इससे पहले कर्नाटक में भी पार्टी संगठन की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इस अवसर पर एडवोकेट पीएल भारद्वाज, पुरुषोत्तम शास्त्री, किसान सेल के जनरल सेक्रेटरी सुरेंद्र शर्मा, यूथ कांग्रेस जिला जनरल सेक्रेटरी अमन शर्मा, यूथ कांग्रेस मीडिया प्रभारी एडवोकेट नरेश ढुल आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की ज्ञान और अनुभव की अमूल्य धरोहरः नरेंद्र निझावन

कैथल। वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की ज्ञान और अनुभव की अमूल्य धरोहर है, उनके अनुभवों से युवा पीढ़ी जीवन की महत्वपूर्ण बातें सीख सकती है,हम सबको उनके साथ प्रेम और सम्मान से व्यवहार करना चाहिए, उपरोक्त विचार सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी कैथल के प्रधान नरेंद्र निझावन ने संस्था की सितम्बर माह की बैठक में प्रकट किए। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए महासचिव धन सचदेवा ने बताया कि सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी कैथल की सितम्बर माह की मासिक बैठक प्रधान नरेंद्र निझावन एवं मुख्य संरक्षक महेश दुआ की अध्यक्षता में श्री गीता भवन मंदिर के प्रांगण में स्थित सीनियर सिटीजन सभागार में आयोजित की गई। बैठक का शुभारम्भ मंच का संचालन करते हुए महासचिव धन सचदेवा ने सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का उच्चारण करवाया, तत्पश्चात संस्था के वरिष्ठ साथी हरीश मदान व सतपाल खानिजो की धर्मपत्नी कमला रानी की दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

भक्ति | अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में गीता मनीषी ने दिए जीवनोपयोगी संदेश

# पूंडरी की चीमा कॉलोनी में बनेगा श्री कृष्ण कृपा धाम, ज्ञानानंद महाराज ने किया भूमि पूजन

विधायक ने मंदिर के लिए 11 लाख रुपये दिए दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी की चीमा कॉलोनी में श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता समिति के तत्वावधान में बनाए जाने वाले श्री कृष्ण कृपा धाम का सोमवार को विधिवत हवन-यज्ञ के साथ भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज ने शिरकत की। हवन-यज्ञ में मुख्य यजमान के तौर पर विधायक सतपाल जांबा, पूर्व विधायक तेजवीर सिंह, भाजपा नेता सतबीर भाणा, समिति अध्यक्ष सुनील गर्ग, विनोद बंसल, संदीप गर्ग, निधि मोहन, आनंद जागड़ा, और निशु गर्ग सहित अन्य श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं।

इस अवसर पर आशीर्वाद देने के लिए सत्य चेतन पुरी जी महाराज और बाबा खुशी नाथ भी पहुंचे।

पूंडरी। पूंडरी में मंदिर का भूमि पूजन करते ज्ञानानंद महाराज व अन्य।

### ये रहे मौजूद

पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीलाराम गुर्जर, अमित टाया, आनंद जांगड़ा, हर्ष सेठी, बलविंदर मैहला, सुधीर वालिया, वीणा सेठी, अशोक गोयल सहित समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भूमि पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और धाम के निर्माण को क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पहल बताया। इस मौके पर विधायक जांबा ने 11 लाख व बलवान शर्मा अहर ने 5 लाख रुपए दान स्वरूप दिए।

### गीता जीवन को सही दिशा देने का ग्रंथ

भूमि पूजन के बाद पूंडरी अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक ग्रंथ है। गीता का अध्ययन जितनी बार किया जाता है, उतनी ही बार उसमें से नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और जीवन के लिए नई सीख प्राप्त होती है। मनुष्य के जीवन में परिस्थितियां लगातार बदलती रहती हैं, लेकिन गीता हमें हर परिस्थिति में धैर्य, संयम और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म का संदेश देते हुए समझाया कि व्यक्ति को अपने कर्तव्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और परिणाम की चिंता से स्वयं को मुक्त रखना चाहिए। गीता का ज्ञान मनुष्य को आत्मविश्वास देता है और कठिन समय में भी सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करता है। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि यह पूंडरी क्षेत्र के लिए अत्यंत पुण्य और सौभाग्य की बात है कि गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में यहां भगवान श्री जुगल किशोर का भव्य मंदिर एवं श्री कृष्ण कृपा धाम बनाया जाएगा। यह धाम आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश से जोड़ने का कार्य करेगा। पूंडरी में गीता के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गीता महोत्सव के दौरान पूंडरी में भी विशेष कार्यक्रम करवाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग भगवान श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और गीता के संदेश से जुड़ सकें। महाराज जी ने धाम में स्व. चांदीराम गोयल द्वारा दिए गए योगदान को भी याद किया व उनकी पत्नी को सम्मानित किया।

## गीता ज्ञान जीवन मूल्यों को सिखाता है

पूंडरी। पूंडरी में पाई रोड पर भाजपा नेता सतबीर भाणा के प्रतिष्ठान पर विशेष रूप से गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज पहुंचे। प्रतिष्ठान पर पहुंचने पर ज्ञानानंद महाराज का श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत-सत्कार किया गया। प्रवचन करते हुए ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला ज्ञान का दीपक है। गीता मनुष्य को यह सिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखते हुए अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।